लोक-सभा वाद-विवाद

का

संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION OF 6th LOK SABHA DEBATES

[पांचवां सत्र
Fifth Session]

[खंड 18 में अंक 21 से 32 तक हैं
Vol. XVIII contains Nos. 21 to 32]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : चार रुपये

Price : Four Rupees

[यह लोक सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनुदित संस्करण है और इसमें अंग्रेजी/हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है ।

This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi]

विषय सूची/CONTENTS

अंक, 26 मंगलवार, 22 अगस्त, 1978/31 श्रावण, 1900 (शक)
No. 26, Tuesday, August 22, 1978/Sravana 31, 1900 (Saka)

विषय	SUBJECT	पृष्ठ/PAGES
राज्य सभाओं के चुनावों के दौरान, श्री कान्तिभाई देसाई द्वारा भारी धन राशियां एकत्र करने के समाचार के बारे में स्थगन प्रस्ताव	Motion for Adjournment *re*: Reported Collection of large sums of money by Shri Kantibhai Desai during elections to State Assemblies . .	1—3s
संविधान (45वां संशोधन) विधेयक—	Constitution (Forty-Fifth Amendment)	3—9
खंड 45 से 49 पर विचार।	Bill—Consideration of Clauses 45 to 49	9—13
खण्ड 2, 3, 8, 9, और 11 पर मतदान	Voting on Clauses 2, 3, 8, 9 and 11 .	13—30
बोनस के बारे में वक्तव्य—	Statement re: Bonus— . . .	30
श्री रविन्द्र वर्मा	Shri Ravindra Varma . . .	30

लोक सभा
LOK SABHA

मंगलवार, 22 अगस्त, 1978/31 श्रावण, 1900 (शक)

Tuesday, August 22, 1978/Sravana 31, 1900 (Saka)

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई
The Lok Sabha met at Eleven of the Cloc k

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]
[Mr. Speaker in the Chair]

राज्य सभाओं के चुनावों के दौरान, श्री कान्तिभाई देसाई द्वारा भारी धन राशियां एकत्र करने के समाचार के बारे में स्थगन प्रस्ताव

MOTION FOR ADJOURNMENT RE: REPORTED COLLEC TION OF LARGE SUMS OF MONEY BY SHRI KANTIBHAI DESAI DURING ELECTIONS TO STATE ASSEMBLIES

अध्यक्ष महोदय : मैं अपना विनिर्णय दे रहा हूं ।

कार्यसूची में दर्ज सभा के कार्य को स्थगित करने के बारे में मुझे सर्वश्री के० लकप्पा, सी० के० चन्द्रप्पन, एडुआर्डो फैलीरो, सौगत राय, वसन्त साठे तथा बयालार रवि से स्थगन प्रस्तावों की सूचनायें प्राप्त हुई हैं जिनमें समाचारपत्रों में प्रकाशित इस समाचार पर चर्चा करने की मांग की गई है कि विधान सभा चुनावों के दौरान प्रधान मंत्री के पुत्र श्री कान्ति देसाई द्वारा जनता दल की ओर से काफी अधिक धनराशि एकत्र की गई । इसके समर्थन के लिये उन्होंने समाचारपत्रों की कतरनें भी मेरे समक्ष प्रस्तुत की हैं।

जो समाचार प्रकाशित हुआ है उसमें कहीं भी नहीं कहा गया है कि श्री कान्तिभाई देसाई द्वारा धन एकत्रित करने के लिए सरकारी तंत्र का प्रयोग किया गया था या उसे एकत्रित करने के लिए किसी प्रकार के गैर-कानूनी तरीके अपनाये गये । समाचार में इस बात का भी कोई उल्लेख नहीं है कि धन एकत्रित करवाने में प्रधान मंत्री का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई हाथ था।

बिना किसी कानून का उल्लंघन किये राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धनराशि एकत्रित करना जुर्म नहीं है । यदि श्री कांतिभाई देसाई ने धन एकत्रित करते समय किसी प्रकार से कानून का उल्लंघन किया है तो इसके लिए उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है ।

जो लोग सत्ता में हैं या सत्ताधारी व्यक्तियों के निकट संबंधी हैं, उनके द्वारा धन एकत्रित किये जाने पर, यह संदेह किया जा सकता है कि सम्भवतः उन्होंने सरकारी तंत्र या सत्ता का दुरुपयोग, किया हो । यह एक राजनीतिक प्रश्न है । इस प्रकार के मामलों का समाधान या तो अपेक्षित कानून बना कर किया जाना चाहिये या इसके लिए उपयुक्त परम्परायें स्थापित की जानी चाहिय । मैं इस मामले में कुछ नहीं कर सकता।

उक्त कारणों के सन्दर्भ में इन प्रस्तावों के बारे में अपनी अनुमति नहीं दे सकता । नियम 184,197 तथा 377 के अधीन दिये गये प्रस्ताव मेरे विचाराधीन है । कल कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हो रही है, इसमें उनके लिए सम्भवतः कुछ समय निर्धारित किया जा सकता है ।

श्री बसंत साठे : अध्यक्ष महोदय हमें कार्य मंत्रणा समिति के रहम पर छोड़ रहे हैं ।

अध्यक्ष महोदय : जब भी कभी आपने किसी विषय पर चर्चा करवानी चाही हैं आप कार्य मंत्रणा समिति से अनुरोध करते आये हैं तथा प्रायः आप का अनुरोध मान लिया जाता रहा है ।

श्री सी० एम० स्टीफन : अध्यक्ष महोदय को सदन के इस ओर के लोगों तथा सदन के अधिकांश सदस्यों और सदन के बाहर के लोगों की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिये । जब से यह सत्र आरम्भ हुआ है तभी से हम यह मांग करते आ रहे हैं कि जिन परिस्थितियों में कुछ मंत्रियों द्वारा अपने पदों का त्याग किया गया है, उनके बारे में सदन में चर्चा की जानी चाहिये परन्तु अभी तक उसका कुछ नहीं हुआ है । अन्ततः उसके बारे में दो पत्र यहां रखे गये । मैंने नियम 193 के अन्तर्गत सूचना दी थी तथा हम उस पर चर्चा करना चाहते थे । यह मामला पिछले दो सप्ताहों से लम्बित पड़ा है । हमने कार्य मंत्रणा समिति से अनुरोध किया है कि इसके लिए समय दिया जाना चाहिये । परन्तु ऐसा नहीं किया गया है । अब यह भ्रष्टाचार का मामला आया और इस के बारे में स्थगन प्रस्तावों की सूचना दी गई । इसे भी अस्वीकार कर दिया गया है । अब अध्यक्ष महोदय ने बताया कि वह नियम 184 के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं और हमें तब तक प्रतीक्षा करनी चाहिये जब तक कि यह विचार पूरा नहीं हो जाता । यह अविलम्बनीय मामला है । परन्तु फिर भी हमें कार्य मंत्रणा समिति द्वारा समय देने तक प्रतीक्षा करने को कहा गया है । ऐसी इस प्रतीक्षा से हमें किसी प्रकार का लाभ होने वाला नहीं है । सरकार को अभी यह बात स्पष्ट कर देनी चाहिये कि नियम 184 के अन्तर्गत चर्चा के लिए शीघ्र ही समय उपलब्ध करवाया जायेगा । अगर इस प्रकार का आश्वासन दिया जाता है तो निश्चय ही हमें कुछ संतोष हो जायेगा ।

कार्य मंत्रणा समिति में विरोधी पक्ष अल्पसंख्या में है । जब विरोधी पक्ष द्वारा न्याय की मांग की जाती है तो इसे समय नहीं दिया जाता है । ऐसा हमारा अनुभव रहा है ।

अध्यक्ष महोदय : विरोधी दल के नेता ने यह आरोप लगाया है कि विरोधी दल द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्तावों पर चर्चा के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं करवाये जाते । उन्होंने अपनी बात बहुत बढ़ा चढ़ा कर कही है । वस्तु स्थिति यह है कि केवल एक प्रस्ताव को छोड़ कर, जितने भी प्रस्ताव इन्होंने कार्य मंत्रणा समिति को दिये हैं, वह स्वीकार कर लिये गये हैं तथा उनके लिए शीघ्र ही समय दिया गया है । जब कभी भी मैंने कोई सिफारिश की है, कार्य मंत्रणा समिति ने कभी भी उसका विरोध नहीं किया ।

श्री के० गोपाल : आपको केवल नियमों के पीछे नहीं जाना चाहिये । नियम तो है ही तथा रहेंगे भी, परन्तु इसके साथ ही औचित्य की सिद्धांत तथा अध्यक्ष के स्वेच्छा के अधिकार को भी दृष्टिगोचर नहीं किया जा सकता ।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा) : विरोधी दल के नेता द्वारा कार्य मंत्रणा समिति के विरुद्ध जो आरोप लगाया गया है, वह पूर्णतया निराधार है । जब कभी भी कार्य मंत्रणा समिति के समक्ष कोई मामला लाया जाता रहा है तथा सरकार से उसके लिए समय देने के लिए कहा जाता रहा है, सरकार उसके लिए समय देती ही रही है चाहे ऐसा करने के लिए इसे अपने काफी महत्वपूर्ण कार्यों को भी पीछे करना पड़ा हो । सरकार सदा ही उनको समय देती रही है । यदि इस सत्र के दौरान

विरोधी पक्ष के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्न प्रस्तावों तथा चर्चाओं का अध्ययन किया जाये, तो उससे पता चलेगा कि इस सदन का अधिकांश समय उन्हीं के चर्चाओं पर व्यतीत हुआ।

जहां तक इस विषय पर चर्चा करने के लिए समय निकालने का प्रश्न है, यह कार्य कार्य मंत्रणा समिति का ही है। जब यह मामला कार्य मंत्रणा समिति के समक्ष आयेगा तो उस समय में विरोधी पक्ष के सदस्यों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें समय दिलाने के लिए अपनी ओर से भरसक प्रयत्न करूंगा।

श्री सी० एम० स्टीफन : हम चाहते हैं कि इस पर कल ही चर्चा कर ली जाये। सदन के नेता के साथ विचार-विमर्श करने के बाद अध्यक्ष महोदय इसके लिए हमें कल समय दे दें। इस मामले को कार्य मंत्रणा समिति को भेजना आवश्यक नहीं है।

संविधान (45वां संशोधन) विधेयक—जारी

CONSTITUTION (FORTY-FIFTH AMENDMENT) BILL—Contd.

Shri Hukamdeo Narain Yadav (Madhu Bani) : It is being provided in clause 45 that if an amendment of the Constitution seeks to make any change which if made, would have the effect of "impairing the secular or democratic character" of the Constitution then, it will have to be approved by the people of India at a referendum. I would like to add the word 'socialistic', after 'impairing', so that even if the socialistic character of the Constitution is impaired by any amendment then that would also have to be approved by a referendum.

It is being further provided in that clause that "any such amendment shall be deemed to have been approved by the people of India if such amendment is approved by a majority of voters voting at such poll and the voters voting at such poll constitute not less than fifty one per cent of the voters entitled to vote at such poll". This will mean that 26 per cent of the voters will be able to change the character of our Constitution which is not proper. Therefore, the provision should be so amended as to provide that any such amendment shall be deemed to have been approved in the course of such referendum if such amend ment is approved by a majority of 51 per cent of the total number of voters.

Another provision of clause 45 which requires to be changed is that the result of such referendum will not be called in question in any court. When we talk so much about the role of judiciary why should this restriction be put in the Constitution ? Therefore the proviso barring the courts should be deleted.

श्री बी० सी० काम्बले (बंबई दक्षिण-मध्य) : जहां तक संशोधन करने वाले उपबन्धों का संबंध है, उसके अनुसार खण्ड 45 में जो उपबन्ध किये गये हैं, उन्हें दृष्टिगत रखते हुए यह कहा जा सकता है कि सम्भवतः सरकार के मन में यह बात स्पष्ट नहीं है कि 42वें संविधान संशोधन के किन उपबंधों को रख लिया जाये और किन उपबन्धों को हटा दिया जाये। ऐसा लगता है कि उपखण्ड (1) को रखा जा रहा है, एक परन्तुक जोड़ा गया है और उपखण्डों (4) और (5) को प्रतिस्थापित किया जा रहा है। उपखण्ड (1) को बनाये रखने से, संसद अपनी संवैधानिक शक्तियों के अनुसार संविधान के किन्हीं भी उपबन्धों में संशोधन या उसका निरसन कर सकती है। यदि संसद के पास यह शक्ति होगी तो फिर जनमत संग्रह से जनता की मंजूरी के लिये क्या शेष रह जायेगी। इसलिये जनमत संग्रह संबंधी उपबन्ध व्यर्थ साबित होगा।

जहां तक जनमत संग्रह संबंधी उपबन्धों का संबंध है, इसके बारे में दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा निर्णय किया जाना चाहिये न कि केवल एक ही सदन द्वारा निर्णय किया जाना चाहिये । अन्यथा संसद में फिर गतिरोध उत्पन्न हो जायेगा । एक बार फिर संसद तथा न्यायपालिका में विवाद उठ खड़ा होगा और सम्भवतः हम कारगर रूप से कार्य नहीं कर पायेगें ।

श्री हरिविष्णु कामत (होशंगाबाद): भारत को संवैधानिक दृष्टि से सुरक्षित रखने के लिये इस विधेयक का खंड 45 बहुत महत्वपूर्ण है । प्रजातंत्र की रक्षा संविधान से ही नहीं हो सकती । 42वें संविधान संशोधन में "सेकुलर एंड सोशियलिस्ट" शब्दों का जोड़ना अनावश्यक था । अब इन्हें हटाया जा रहा है । इससे लोगों के बीच यह गलत धारणा पैदा हो जायेगी कि हम धर्मनिर्पेक्षता तथा समाजवाद के विरुद्ध हैं । अतः उन्हें हटाना कठिन है। अतः इन्हें रहने दिया जाये।

जनमत संग्रह का जो प्रावधान अब रखा गया है वह यह है कि यदि किसी संशोधन द्वारा "धर्म-निर्पेक्षता अथवा प्रजातंत्रीय" ढांचे का उल्लंघन होता हो तो इसकी स्वीकृति लोगों से लेनी होगी । मेरा सुझाव है कि "प्रजातंत्रीय" शब्द के स्थान पर "प्रजातंत्रीय समाजवादी" शब्द प्रतिस्थापित किया जाये।

प्रतीत होता है कि ऐसी गलत धारणा पैदा हो रही है कि हम केवल लोगों को ही अधिकार दे रहे हैं । पहले तो संसद संशोधन को स्वीकार करेगी और उसके बाद लोगों के पास जायेगा और यदि लोग इसे स्वीकार न करें तो यह कानून नहीं बनेगा।

प्रावधान के अनुसमर्थन के लिये कम से कम 51 प्रतिशत लोग मत देने आते हैं और यदि 51 प्रतिशत से अधिक दिये गये वैध मत हों तो यह संविधान का भाग बन जायेगा । मैं इस प्रावधान को कुछ और सख्त चाहता हूं और चाहता हूं कि दिये गये वैध मत 51 प्रतिशत के स्थान पर 75 प्रतिशत होना चाहिये । 51% लोग तो मतदान के लिये आने चाहिये और इनमें से 75% लोगों को इसके लिये वोट देने चाहिये ।

अधिक अच्छा होता यदि जनमत संग्रह की रूपरेखा तथा कानून बनाने का काम संसद के लिये ही छोड़ा जाता । उस दशा में यह मामला अधिक विवादग्रस्त न होता।

श्री वी० अरूणाचलम् (तिरुनेलवेली) : मैं जनमत संग्रह संबंधी प्रावधान का स्वागत करता हूं । संसद में जन प्रतिनिधियों की शक्तियां हमेशा सीमित रही है । इसी कारण संसद को लोगों की स्वीकृति बिना संविधान के बुनियादी ढांचे को संशोधित करने का अधिकार नहीं है ।

अब इस संशोधन द्वारा संविधान के बुनियादी ढांचे तथा उसकी व्याख्या के लिये सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका आदि आदि स्पष्ट हो गयी है । जनमत् संग्रह प्रावधान से संविधान संशोधन संबंधी संसद की शक्तियां कम नहीं होती है । दूसरे शब्दों में यह संसद के लोगों की स्वीकृति से बुनियादी संशोधन करने का आदेश देता है । लोगों की इच्छा जानने के लिये जनमत संग्रह एक सर्वोत्तम माध्यम है ।

किसी प्रजातंत्र में सरकार अथवा राजनैतिक दल की नीतियों में परिवर्तन आना साधारण बात है। लेकिन एक प्रजातंत्र में इस प्रकार से परिवर्तन लोगों की सहमति से लाये जाने चाहिये । जनमत संग्रह इसके लिये एक सर्वोत्तम माध्यम है । विश्व के अधिकांश संविधानों में जनमत संग्रह का प्रावधान है ।

हमने संविधान के चार बुनियादी तत्वों को जनमत संग्रह द्वारा संशोधित करने की योजना बनायी है । लेकिन दुर्भाग्यवश हम संविधान के संघीय ढांचे तथा अन्य तत्वों की रक्षा नहीं कर सके । यदि यह सरकार संविधान के संघीय तत्व राज्यों के स्वरूप तथा अनेक जातियों की संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकती तो राज्य सरकारों के काम में बाधा आयेगी । सरकार को संघीय तत्व को संविधान का बुनियादी तत्व मानने की मांग को स्वीकार करना चाहिये।

Dr. Baldev Prakash (Amritsar) : I support this amendment. This controversy is going on since the judgement on the Keshvanand Bharati case. We congratulate the Law Minister for bringing an amendment with a view to solve the controversy of basic structur which is going on since this judgement. No law concerning the unity and integrity of the country should be passed by the parliament without the consent of the people. I support this amendme nt.

श्री जी० नरसिम्हा रेड्डी (आदिलाबाद) : मैं इस लोक मत के खण्ड की ओर मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस देश में 70 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं और 30 वर्ष के अनुभव से हमें पता है कि लोग व्यक्ति को देखकर मत देते हैं। यदि देश पर बाध्य हमला होता है तो सम्पूर्ण संसद बगाय आपात स्थिति की घोषणा करेगी। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई अत्यन्त लोकप्रिय प्रधान मंत्री है तो वह केवल 26 प्रतिशत मत से संविधान के मूलभूत ढांचे में परिवर्तन कर सकता है। क्या उन्हें रोकने का कोई उपबन्ध है। यदि विधि मंत्री चाहते हैं संविधान के मूलभूत ढांचे में परिवर्तन करना सरकार के लिए कठिन हो तो वैसा करने का ढंग और है।

ऐसा उपबन्ध होना चाहिए कि संसद अपनी इच्छानुसार संविधान में संशोधन कर सके। यदि लोकमत से संविधान में संशोधन होने लगा तो हमारे देश को कोई नहीं बचा सकेगा। सरकार कहेगी कि लोगों ने ऐसा किया है। हमारे हाथों से शक्ति निकल जायेगी। लोकमत के बिना हम भी संशोधन में संशोधन नहीं कर सकेंगे।

श्री चित्त बसु : (बारसार) : यह अच्छा है कि सरकार ने विधेयक के खंड 45 द्वारा लोगों की सार्वभौमिक सत्ता का सिद्धान्त स्वीकार किया है अन्यथा संसद् की तथाकथित सर्वोच्चता का दुरुपयोग हो सकता था जैसा कि आपात काल में किया गया।

मेरा सुझाव है कि लोकमत के उपबन्ध में यह जोड़ा जाये कि यदि संशोधन संविधान में निहित मूलभूत ढांचे में परिवर्तन करता हो तो उस संशोधन पर भी लोक मत द्वारा जनता की अनुमति ली जाये। यह जरूरी है क्योंकि मेरा मत है हमारा देश संघीय राजनीति के दौर में प्रवेश कर चुका है। केन्द्रीय सरकार की प्रणाली की भी प्रवृत्ति है। एक समय आ सकता है जब संविधान में निहित संघीय सिद्धान्तों में परिवर्तन की भी बात उठ सकती है। उस बारे में हमें सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए।

श्री ए० अशोकराज (पेराम्बलूर) : मैं लोकमत के उपबन्ध का स्वागत करता हूं लेकिन मेरे कुछ अपने विचार हैं। आज भाषा पर विवाद चल रहा है। यदि हिन्दी के दुराग्रही केवल हिन्दी को ही सम्पर्क भाषा बनाना चाहे तो लोकमत को निश्चित रूप से लोगों पर थोपा जायेगा। अतः मेरा अनुरोध है कि उस संशोधन को दो तिहाई राज्यों के विधान मंडलों की भी स्वीकृति मिलनी चाहिए न कि केवल कुल राज्यों की आधी संख्या द्वारा।

श्री फैलीरो एडुआर्डो (मारप गोआ): जनमत संग्रह मात्र बहुसंख्यक धारणा है लोगों के सामने तोते के समान यह रट लगाना है आप प्रभुसत्ता सम्पन्न हैं, हम आपको यह शक्ति देते हैं। संसदीय प्रणाली सरकार में भी लोगों की प्रभुसत्ता होती है। गत 30 वर्षों से संसद और न्यायापालिका, और संसद और कार्यपालिका के बीच सम्पर्क होता रहा है इस उपबन्ध को लाकर हम इस संघर्ष की ओर बढ़ा रहे हैं। उस समय क्या होगा जब एक कानून को संसद दो तिहाई मत से पास कर देती है और वहीं जनता द्वारा ठुकरा दिया जाता है? उस समय संसद की स्थिति क्या होगी? यह ठीक नहीं है इस प्रकार के जनमत संग्रह की आवश्यकता नहीं है, जिसको कि वे लागू करना चाहते हैं।

उन देशों में जहां संविधान में जनमत संग्रह का उपबन्ध है, यह पद्धति काम नहीं कर रही है।

जनमत संग्रह का उपबन्ध युक्तियुक्त नहीं है। इससे संविधान मूल रूप का संशोधन किया जा रहा है। मेरे विचार से संविधान के मूल रूप में कोई संशोधन नहीं हो सकता। संशोधन के द्वारा केवल अन्य पहलुओं में ही परिवर्तन किया जा सकता है केशवानी भारती के मामले में 13 न्यायाधीशों का पीठ भी यह तय नहीं कर पाया था कि संविधान का मूल स्वरूप क्या है। अतः मूल स्वरूप की बात एक तरफा है। कोई भी इसकी व्याख्या नहीं कर सकता।

प्रो० पी० जी० मावलंकर (गांधी नगर) : हमारा एक संघ है, राज्यों का एक संघ है तथा हमने एक संविधान को लिखा है। संसद भी इस लिखित संविधान के अधीन है। मैं उनसे सहमत नहीं जो संसद को सर्वोच्च मानते हैं क्योंकि उसके ऊपर संविधान है और उसके ऊपर भारत की जनता तथा जनता प्रभुसत्ता सम्पन्न है। मैं उनसे सहमत हूं जो संघ और संसदीय लोकतंत्र को मूल तत्व मानते है। हम इस बात पर तर्क कर सकते हैं और बहस कर सकते हैं कि मूल तत्व कौन से है और फिर उनको ठोस स्वरूप प्रदान कर उन्हें मूल तत्व मानें।

मैं जनमत संग्रह के विरुद्ध हूं परन्तु जनता पर विश्वास करने के विरुद्ध नहीं परन्तु यदि सरकार कहती है कि उसने जनमत संग्रह की बात इसलिए रखी है क्योंकि उसे लोगों में अविश्वास हो तब वापस बुलाने का खण्ड क्यों नहीं रखा गया। जनमत संग्रह और वापिस बुलाना संविधान के जुड़वा सिद्धान्त हैं।

जनमत संग्रह के बारे में मेरे सन्देह हैं। पिछले छः आम चुनावों में से किसी में भी 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं पड़े। तब विधि मंत्री यह अनुमान कैसे लगा सकते है कि जनमत संग्रह में 51 प्रतिशत से अधिक लोग इसमें भाग लेंगे। यह उपबन्ध स्पष्ट नहीं है। मान लीजिए 51 प्रतिशत लोग जनमत संग्रह में भाग नहीं लेते तो क्या वे बार-बार उनके पास जाएंगे जब तक 51 प्रतिशत मत मिल जाएं या क्या एक बार ही जनमत संग्रह होगा इसे स्पष्ट किया जाए। इसके अतिरिक्त कि जनमत संग्रह एक मंहगा और सन्देहास्पद प्रक्रिया है, यह समस्या का हल नहीं। विदेशों में भी यह राज्य स्तर पर ही है संघ स्तर पर नहीं। यह भी डर है कि जनमत संग्रह से अपेक्षित परिणाम न निकले।

मै सदस्यों के इस कथन से भी सहमत हूं कि संविधान के किसी अंग को अपरिवर्तनीय क्यों बनाया जाये इससे क्रान्ति को आह्वान देना है। मेरे विचार से स्वतंत्रता, मूलभूत अधिकार, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, चुनाव, वयस्क मताधिकार आदि को जनमत संग्रह के द्वारा भी असंशोधनीय बनाया जाए।

श्री बी० के० नायर (मावेलीकरा) : देश की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनमत संग्रह कराना अनुचित होगा। हमारे देश की जनसंख्या से इसमें समस्या पैदा हो जायेगी। 60 करोड़ की जनसंख्या में से लगभग 30 करोड़ व्यक्ति मतदान में भाग ले पायेंगे। अधिकांश चुनावों में 51 प्रतिशत लोगों ने कभी मतदान नहीं किया। संसद के दोनों सदनों में यदि यह विधेयक पास हो गया और यदि मतदान में 51 प्रतिशत लोगों ने मतदान नहीं किया तो इसका यह तात्पर्य होगा कि यह संशोधन समाप्त करना पड़ेगा। इससे यह मतभेद पैदा हो सकता है कि संसद ने लोगों में से अपना विश्वास खो दिया है और कोई भी व्यक्ति एक अन्य सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान कर सकता है।

इसके अतिरिक्त चुनावों में 30 करोड़ रुपये की राशि व्यय होने का अनुमान लगाया गया है। लेकिन व्यय केवल प्रशासन व्यवस्था पर ही होगा राजनीतिक दलों को भी तीन या चार गुना राशि व्यय करनी पड़ेगी अतः यह खर्च 100 करोड़ रुपये तक हो सकता है।

जनमत संग्रह के लिए दो प्राक्रियाओं के बारे में विचार किया गया है। पहला है चुनाव एवं जनमत संग्रह और दूसरा है स्वयं में ही जनमत संग्रह कराना। चुनाव कराये बिना जनमत संग्रह के लिए कौन प्रचार करेगा। किसी को भी इसमें रुचि नहीं होगी। आम चुनावों में हमारे घोषणा पत्रों में भी

तथा कार्यकर्त्ताओं, संगठित दलों ने प्रचार किया था और सभाएं आदि की थीं। फिर भी 51 प्रतिशत मतदान नहीं हुआ। तब फिर केवल मात्र समाचार पत्रों एवं अन्य प्राचार माध्यमों में अपील करने से जनमत संग्रह के लिए कौन मतदान करने आयेगा ?

फिर अन्य मामले भी अर्न्तग्रस्त हैं। यदि चुनावों के दौरान जनमत संग्रह प्राप्त करना है तो कुछ दल इस संशोधन का विरोध कर सकते हैं और कुछ दल इसका समर्थन करेंगे। मानलों, चुनावों के पश्चात् संशोधन का विरोध करने वाले दलों का बहुमत हो जाये और वे सत्ता में आ जायें तो फिर क्या होगा ? वे संविधान का कैसे सम्मान करेंगे ? ऐसी ही स्थिति विधान सभाओं में भी पैदा हो सकती ?

एक अन्य पहलू भी है। गत आम चुनावों में उत्तर भारत की जनता ने एक दल के हक में मतदान किया था और दक्षिण में दूसरे दल के समर्थन में। लोग बहुत ही संवेदनशील हो गये हैं। जब उत्तर के लोगों ने एक संशोधन का अनुमोदन कर दिया तो दक्षिण के लोग स्वतः ही उसे अपने हितों के विपरीत मानेंगे। जब स्थिति ऐसी है तो क्या हम जनमत संग्रह कराते समय लोगों के सामने जा सकते हैं ? इससे देश का विभाजन हो जाएगा।

श्री शांति भूषण : मुझे प्रसन्नता है कि सभा के कई वर्गों से व्यापक समर्थन मिला है।

श्री पी० वेंकटसुब्बेया : आपके अपने दल के ही लोगों ने इसका विरोध किया है।

श्री शान्ति भूषण : जनमत संग्रह के सिद्धान्त को गुणों के आधार पर स्वीकार करने वाले सदस्य का मैं आभारी हूं लेकिन साथ ही मुझे खेद भी है कि कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया है। इस प्रश्न को स्पष्ट कर देना चाहूंगा।

कुछ सदस्यों ने यह शंका व्यक्त की है कि इस खण्ड से यहां "हिन्दू राज" के द्वार खुल जायेंगे। सम्भवतः उन्होंने इसके एक ही भाग को देखा है। कुछ सदस्यों ने कहा है कि संविधान में संशोधन करने के लिए संसद पर प्रतिबन्ध नहीं लगाना चाहिए लेकिन उपरोक्त आशंकाओं को दृष्टि में रखते हुए संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत होना किसी संवैधानिक संशोधन के लिए अनिवार्य माना गया है। इस उपबन्ध विशेष के लिए भी संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत अनिवार्य माना गया है। इससे जनता और अल्प संख्यकों के अधिकारों का हनन नहीं होगा। इस उपबन्ध को इसी भावना के साथ देखना होगा।

यह उपबन्ध संविधान में संशोधन करने के पश्चात् ही लागू होगा अर्थात् संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत के बारे में विचार करने के बाद ही लागू होगा और यदि आवश्यक समझा गया तो देश की आधे से अधिक विधान सभाओं की इस पर सम्मति प्राप्त की जायेगी।

[श्रीमती पार्वती कृष्णन पीठासीन हुईं
Shrimati Parvati Krishnan in the Chair]

संविधान के अर्ध संघीय ढांचे पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। लोकतन्त्र में निर्वाचित लोगों पर विश्वास करना ही पड़ेगा। क्योंकि उनसे यह अपेक्षा होती है कि वे जनहित के विरुद्ध कोई कार्य नहीं करेंगे।

जहां तक परोक्ष संशोधन का सम्बन्ध है यह सर्वविदित सिद्धान्त है, कि एक साधारण सा अधिनियम संविधान के अनुकूल ही होना चाहिए। यदि संविधान के उपबन्धों को इस तरह विफल किया गया तो लोकतन्त्र और संविधान एक दम समाप्त हो जायेंगे। इसलिए संविधान में परोक्ष संशोधन साधारण अधिनियम के द्वारा नहीं किया जा सकता।

कुछ अन्य संशोधनों का सुझाव दिया गया है । लेकिन जनमत संग्रह की धारा का यही मूल आशय है कि यदि ऐसे कुछ सम्भाव्य संशोधनों से लोकतंत्र और जनता के अधिकारों पर प्रभाव पड़े तो वहां जनता का हस्तक्षेप अनिवार्य है और इसीलिए यह खण्ड लाया गया है। जहां जनता के ऐसे हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ेगी वहां यह अनिवार्य नहीं होगा। लेकिन इससे असंशोधनीय बनाने के बजाये एक प्रक्रिया तैयार की गई है कोई भी सरकार आसानी से जनमत संग्रह की परिस्थितियां पैदा नहीं करेगी।

मैं पहले ही उन कारणों को स्पष्ट कर चुका हूं जिनसे जनमत संग्रह स्वीकार नहीं किया जा सकता चूंकि संवैधानिक दस्तावेज सिद्धान्त मात्र नहीं है इसलिए यह व्यावहारिक दस्तावेज है अतः इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा । लेकिन जहां तक संविधान के हनन का सम्बन्ध है, यह कोई जटिल बात नहीं है, लेकिन विवादास्पद अवश्य ही हो सकती है ।

अब प्रश्न यह है कि कुछ सीमांत संशोधन आ सकते हैं जो देश के लिए अच्छे हो सकते हैं । लेकिन इसके बारे में दो मत सम्भव हैं कि क्या इससे धर्मनिरपेक्षता का हनन होगा या उसे बढ़ावा मिलेगा, क्या वयस्क मताधिकार की संकल्पना को इससे सहायता मिलेगी अथवा नहीं । इन सब बातों के लिए ज्यूरी या सर्वोच्च न्यायालय का मत प्राप्त करना अनिवार्य हो जाता है । इसीलिए यह उपबन्ध की दोनों सदनों में से प्रत्येक के दो तिहाई के बहुमत से ही कोई संशोधन पास किया जायेगा और यदि केन्द्र-राज्यों के सम्बन्धों पर किसी प्रकार का प्रभाव पड़े तो आधे से अधिक विधान सभाओं द्वारा इस पर सहमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा । लेकिन इसमें सैद्धान्तिक सम्भाव्यता है जो वर्तमान परिस्थिति में व्यावहारिक बन जाती है ।

कुछ आधारभूत बातें ऐसी हैं जिनमें संशोधन नहीं होना चाहिए पर संविधान के मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि फिर प्रश्न यही उठता है कि इसमें संसद की राय चलेगी अथवा कि उच्चतम न्यायालय की बात मानी जाएगी ।

हमारी संसदीय प्रजातंत्र प्रणाली ऐसी है जिसमें सरकार के तीनों अंग एक दूसरे पर एक तरह से अंकुश रखते हैं लेकिन फिर भी सारी सत्ता जनता के हाथ में है ।

जनमत संग्रह के प्रावधान से संबंधित प्रश्न को मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कुछ लोगों ने कहा है कि संविधान में संशोधन करने के लिए संसद पर प्रतिबन्ध नहीं लगाने चाहिएं । जनमत संग्रह के लिए उपबन्ध संसद के दोनों सदनों के दो तिहाई बहुमत की रक्षा नहीं करता है । यह एक नई बात जोड़ी गई है । संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत होना किसी संवैधानिक संशोधन के लिए अनिवार्य माना गया है । इससे जनता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन नहीं होगा । इसे इसी भावना के साथ देखना होगा ।

यह उपबन्ध संविधान में संशोधन करने के उपरान्त ही लागू होगा अर्थात संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत के बारे में विचार करने के बाद ही ।

जहां तक परोक्ष संशोधन का सम्बन्ध है, सर्वविदित सिद्धान्त है कि एक साधारण सा अधिनियम संविधान के अनुकूल ही होना चाहिए । यदि संविधान के उपबन्धों को इस तरह विफल किया गया तो यह एक दम ही समाप्त हो जायेगा । अतः संविधान में परोक्ष संशोधन साधारण अधिनियमन के द्वारा नहीं किया जा सकता ।

कुछ अन्य संशोधनों का सुझाव दिया गया है । लेकिन जनमत संग्रह की इस धारा का यही मूल आशय है कि यदि कुछ ऐसे सम्भाव्य संशोधनों से लोकतंत्र और जनता के अधिकारों पर प्रभाव पड़े तो वहां जनता का हस्तक्षेप अनिवार्य है, और इसीलिए यह खण्ड लाया गया है । जहां जनता के ऐसे हस्तक्षेप

की आवश्यकता नहीं पड़ेगी वहां यह अनिवार्य नहीं होगा । लेकिन इससे असंशोधनीय बनाने के बजाये एक प्रक्रिया तैयार की गई ही है । कोई भी सरकार आसानी से जनमत संग्रह की परिस्थितियां पैदा नहीं करेगी ।

जनमत संग्रह को स्वीकार नहीं किया जा सकता । जहां तक संविधान के हनन का सम्बन्ध है, यह कोई जटिल बात नहीं है । लेकिन प्रश्न यह है कि कुछ सीमान्त मामले हो सकते हैं जिनमें ज्यूरी का मत प्राप्त करना अनिवार्य हो जाता है कि उस मामले में धर्मनिरपेक्ष मामले पर कुप्रभाव पड़ेगा । इसीलिये यह संरक्षण लाया गया है । यदि किसी स्थिति में जनता के सामने जाना अनिवार्य हो गया ताकि वे स्वयं को और अपने हितों को पहचान सकें तो इसे असम्भव नहीं बनाना चाहिए ।

यह कहा गया है कि चुनावों में मतदान की संख्या कभी 50 प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ी है ।

खण्ड 45 से 49

सभापति महोदय : खण्ड 46 के संबंध में कोई संशोधन नहीं है ।

खण्ड 47

सभापति महोदय : अब हम खण्ड 47 पर विचार करेंगे ।

श्री० एच० एल० पटवारी (मंगलदाई) : मैं अपना संशोधन संख्या 8 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री सोमनाथ चटर्जी (जादवपुर) : मैं अपने संशोधन संख्या 26 और 27 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री एडुआर्डो फेंलीरो (मारमोगोंआ) मैं अपना संशोधन संख्या 103 प्रस्तुत करता हू ।

श्री पी० के० देव (कालाहांडा) : मैं अपने संशोधन संख्या 152 और 153 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री आर० वेंकटरामन (मद्रास दक्षिण) : मैं अपने संशोधन संख्या 167 और 168 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री जी० एम० बनतवाला (पोभानी) : मैं संशोधन संख्या 180 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री हरि विष्णु कामत : (होशंगाबाद) : मैं अपना संशोधन संख्या 360 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री जी० नरसिम्हा रेडी (आदिलाबाद) : मैं अपना संशोधन संख्या 370 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री अरूणाचलम (तिरूनेलवेल्ली): मैं अपना संशोधन संख्या 378 प्रस्तुत करता हूं ।

Shri H. L. Patwari : I oppose the amendment which seeks to take out the item of education from the Concurrent list and put it into State list. The subject of education should be dealt with rising above the party lines. The Janata Party Standing Committee for Education has also passed a resolution to keep the item of education in the Concurrent list. The consultative Committee attached to the Ministry of Education has also recommended that 'Education' be included in the Concurrent list. But the Law Minister has simply given an assurance to reconisder the whole issue. Therefore my amendment should be accepted that education should be retained in the Concurrent list.

श्री सोमनाथ चटर्जी : संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम न्यायपालिका की निन्दा करने के लिए एक सुनियोजित प्रयास है और इससे केन्द्र के हाथ और अधिक बजबूत होंगे । न्यायपालिका के बारे में संविधान के अनुच्छेद 312 में संशोधन किया गया है ।

लेकिन सरकार ने निर्णय लिया है कि विभिन्न राज्य सरकारों के न्यायोचित रुख को दृष्टि में रखते हुए, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की आवश्यकता नहीं है । अतः अखिल भारतीय न्यायिक सेवा लागू करने या बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए । सरकार को यह 42वां संशोधन पास नहीं करना चाहिए । अतः मैं इस संशोधन का विरोध करता हूं ।

यह ठीक किया गया है कि सूची I में से मद संख्या 2(क) का लोप किया जा रहा है । केन्द्र से अर्ध सैनिक बलों को राज्यों में तैनात करने से यह शंका हो गई है कि विभिन्न राज्य सरकारों को नियन्त्रण में लिया जा रहा है । लेकिन अब इस प्रावधान को समाप्त किया जा रहा है ।

यह भी सराहनीय बात है कि शिक्षा को फिर से राज्य सूची में वापस लाया जा रहा है । लेकिन अब यह स्थिति पैदा हो गई है कि विभिन्न राज्यों में वहां की भाषाएं थोपी जा रही हैं । मैं ऐसे नियन्त्रण का विरोध करता हूं । जनता हिन्दी सीखना चाहती है । लेकिन यदि इसे थोपा गया तो लोग यह समझेंगे कि किसी व्यक्ति विशेष की भाषा विशेष सीखने के लिए सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है । अतः राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा का अलग स्थान हो ।

श्री हरिविष्णु कामत : खण्ड 47 में संशोधन देने का मेरा यही उद्देश्य है कि शिक्षा और वन विभाग समवर्ती सूची में ही रखे जाएं । तकनीकी शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा को भी समवर्ती सूची में सम्मिलित किया जाना चाहिए ।

श्री पी० वेंकटसुब्बैया : संविधान निर्माताओं ने यह ठीक ही सोचा था कि इस देश में सरकार की अर्ध-संघीय प्रणाली होनी चाहिये । कुछ राजनीतिक दलों ने विभिन्न नागरिकताओं और विभिन्न स्वतंत्र राज्यों के सिद्धान्त की बात कही है । हम इस सिद्धान्त से सहमत नहीं है । ये लोग इस देश की एकता और प्रभुसत्ता के प्रति वफादार नहीं हैं । अतः हम देश के हित में और देश की एकता के हित में इस मामले पर ध्यानपूर्वक विचार करना चाहिये । मैं यह उल्लेख करना चाहता हूं कि इस देश की भलाई के लिये और इस देश की एकता तथा सार्वभौमिकता के लिये शिक्षा को समवर्ती सूची में ही रखा जाना चाहिये ।

वनों को भी समवर्ती सूची में रखा जाना चाहिये । इस देश को बाढ़ की बर्बादी से बचाने के लिये और वन सम्पदा के विकास के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि वनों को समवर्ती सूची में लाया जाये समवर्ती सूची में विषय को लाने के मामले में राज्य सरकार तथा केन्द्रीय सरकार के बीच समन्वय होनी चाहिये । एक समय हमने यह दलील दी थी कि मुख्य सिंचाई समवर्ती सूची में होनी चाहिये । अभी भी कई जल विवाद हैं जो देश के विकास के लिये भारी बाधा हैं । अतः यह राष्ट्र हित में है कि इन दोनों विषयों को समवर्ती सूची में शामिल किया जाये ।

Shri Ram Naresh Kushwaha (Salempur) : My amendment seeks to retain the item of education in the Concurrent List. There has been a teachers movement in Uttar Pradesh for a month or so, and the teachers also desire that education should be retained in Concurrent list. If it is not retained in the Concurrent List, the forces of disintegration in the country will divide the country into pieces. There has been a good deal of bungling in regard to three language formula. If it is desirable to maintain the solidarity of the country by bringing about the emotional integration in the country, the subject of education must be retained in the Concurrent List. Therefore education must not be removed from the Concurrent List.

At the same time forests should also be brought under Concurrent List so that country can be protected from the ravages of weather.

श्री एडुआर्डो फैलीरो: शिक्षा को समवर्ती सूची में रखने के विरुद्ध तर्कों का शिक्षा के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है क्योंकि ये राजनीतिक तर्क हैं। तर्कों में मुख्यतः दो पहलू हैं। पहला, यह कहा गया है कि यदि शिक्षा को समवर्ती सूची में रखा जाता है, तो राज्य की स्वायत्तता पर प्रभाव पड़ेगा। दूसरे, यदि राज्य सूची में शिक्षा नहीं रहती, और यदि इसे समवर्ती सूची में रखा जाता है, तो दक्षिणी राज्यों में यह भय है कि हिन्दी भाषा नीति उनकी सहमति के बिना उनपर जबरजस्ती लागू की जायेगी। परन्तु शिक्षा को समवर्ती सूची में रखने का अर्थ राज्यों के क्षेत्राधिकार से शिक्षा को पूर्णतया निकालना नहीं है समवर्ती सूची से केवल ऐसा करने की शक्ति मिलती है। केन्द्र केवल कुछ मामलों में और वह भी भलाई के लिये हस्ताक्षेप करेगा। देश में पिछड़े और अन्य क्षेत्रों में विद्यमान असन्तुलनों को ध्यान में रखकर शिक्षा सम्बन्धी आम नीति केन्द्र के पास होनी चाहिये। एक ओर शिक्षित बेरोजगारी और दूसरी ओर भारी अशिक्षता को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि शिक्षा के लिये पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जानी चाहिये जो शिक्षन को समवर्ती सूची में रखकर ही सम्भव है। केवल तभी समग्र नियंत्रण रखा जा सकता है। जनता पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में शिक्षा को राज्य सूची में रखने का वचन दिया गया था। शिक्षाविदों का यह मत है कि इसे समवर्ती सूची में रखा जाना चाहिये। अतः शिक्षा को समवर्ती सूची में रखा जाना चाहिये।

श्री पी० के० देव: 1952 में पहली लोक सभा ने राष्ट्रीय वन नीति लागू की थी। 25 वर्षों में हमने परिणाम इसके विपरीत ही देखे। जंगलों के नष्ट करने तथा पेड़ों के अंधाधुंध कटने के फल-स्वरूप अपूर्व बाढ़ें आयी हैं। सम्बन्धित अधिकारी इस बारे में उदासीन हैं। हमने जो वन नीति अपनायी है उसके अनुसार हमें देश में 33 प्रतिशत भाग में बन लगाने हैं लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि 11 प्रतिशत से अधिक भाग में वन नहीं लगेगा। हमें बहुत जल्दी जलाने की लकड़ी की कमी का सामना भी करना पड़ेगा। अतः इस समस्या को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से सोचा जाये और सभी राज्यों के लिये समान नीति बनायी जाये अतः बन तथा बन्य प्राणी का विषय समवर्ती सूची में ही रहने दिया जाये।

श्री जी० एम० बनतवाला (पोन्नानी): हमें समझ नहीं आती कि हमारे विधी मंत्री को अब भी निवारक नज़रबंदी से मोह क्यों बना हुआ है। यह बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि केन्द्र और राज्य सरकार दोनों को ही निवारक कानून बनाने की शक्तियां प्राप्त हैं। मैं तो निवारक नज़रबन्दी के विचार मात्र का ही विरोधी हूं। इसे पूर्णतया समाप्त कर दिया जाना चाहिये। निवारक कानून बनाने की शक्तियां राज्यों के पास नहीं होनी चाहिये और इसे समवर्ती सूची में नहीं रखा जाना चाहिये। मेरा सरकार को यही सुझाव है कि इन्हें केन्द्र सरकार के पास ही रखा जाना चाहिये।

श्री जी० नरसिम्हा रेड्डी (आदिलाबाद): शिक्षा तथा वनों को समवर्ती सूची में रखा जाना चाहिये। सरकार की वन नीति के अनुसार देश के 33 प्रतिशत भाग में वन लगाये जाने थे परन्तु यह खेद की बात है कि अभी तक केवल 22 प्रतिशत क्षेत्र में ही बाग लग पाए हैं। यह बात और भी शोचनीय है कि आज राज्यों के बीच पेड़ों को काटने की अंधाधुंध दौड़ लगी हुई है। यदि हमें 'वन' के विषय को पूर्णत राज्य सरकारों को दे दें तो 10, 15 वर्षों के दौरान हमें कहीं भी कोई पेड़ देखने को नहीं मिलेगा। सम्पूर्ण कृषि कार्य ठप्प हो जायेंगे। अतः फलस्वरूप एक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो जायेगी अतः हमें इस ओर अपेक्षित ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिये कि हम वनों को इस प्रकार नष्ट होने से बचा लें।

श्री वी० अरुणाचलम (निरूनेबेली): विद्या मंत्री ने शिक्षा को राज्य सूची में लाकर उन आकांक्षाओं को पूरा कर दिया है जिनके लिए बहुत पहले यथा 1935 से ही प्रयास चले आ रहे थे। जो लोग शिक्षा को समवर्ती सूची में रखना चाहते हैं, वह न जाने क्यों इस बात को भूल जाते हैं कि भारत विभिन्न संस्कृतियों तथा भाषाओं का देश है।

हाल ही में कलकत्ता में शिक्षा मंत्रियों का जो सम्मेलन हुआ, उसमें सर्वसम्मति से यह मांग की गई है कि 'शिक्षा' को राज्यों के विषय में ही रखा जाये ।

इन शब्दों के साथ ही मैं इस खण्ड का स्वागत करता हूं क्योंकि इसमें 'शिक्षा' को इसका उपयुक्त स्थान पुनः प्रदान कर दिया गया है ।

अध्यक्ष महोदय : इस विषय को पहले ही काफी समय दिया जा चुका है । अब हम खण्ड 48 पर विचार करेंगे ।

विधि न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : इसके बारे में केवल यही बात विवादास्पद है कि शिक्षा को राज्य सूची में रखा जाये या इसे समवर्ती सूची में शामिल कर दिया जाये । मैं समझता हूं.....

Shri Hassan : My submission is that Education must be placed in "Concurrent List".

श्री शान्ति भूषण : यदि कोई विषय समवर्ती सूची में होता है तो भी इस पर राज्य को अधिकार रहता है । यह मात्र व्यवस्था का प्रश्न है । इस मामले पर इतनी उत्तेजना की जरूरत नहीं है ।

श्री दीनेत भट्टाचार्या (सीरमपुर) : मैं अपना संशोधन संख्या 28 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री रामजेठामलानी (बंबई उत्तर पश्चिम) : मैं अपना संशोधन संख्या 266 प्रस्तुत करता हूं ।

